अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 500 वर्ष 40

राँची, 31 जनवरी, 2016

गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

सीएमडी श्री गोपाल सिंह गणतंत्र दिवस समारोह पर ध्वजारोहण करते हुए

26 जनवरी के पावन अवसर पर महात्मा गांधी क्रीड़ांगण, गांधीनगर में हमारे सीमएडी श्री गोपाल सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया तथा उपस्थित सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने सी.सी.एल. सुरक्षा कर्मियों, सीआईएसफ जवानों, आर्मी बैन्ड के जवानों, गांधीनगर डी.ए.वी. एवं ज्ञानोदय स्कूल के छात्र–छात्राओं की मिली–जुली परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सुरक्षाकर्मियों, परेड में शामिल प्लाटून कमांडर्स, परेड कमांडर को सी.एम.डी. श्री गोपाल सिंह ने पुरस्कार प्रदान किया। बिहार आर्मी बैन्ड के जवानों ने देशभक्ति से ओत–प्रोत आकर्षक धुन बजाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर डी.ए.वी., गांधीनगर एवं ज्ञानोदय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

समारोह में निदेशक(वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक(कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता महापात्र, निदेशक (योजना/परियोजना) श्री सुबीर चन्द्रा, मुख्य सत्तर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुजाता प्रसाद, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधिगण एवं सी.सी.एल. कर्मी सपरिवार तथा आम लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सी.सी.एल. मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में 67वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

अपने संबोधन में सीमएडी श्री गोपाल सिंह ने उपस्थित सभी कर्मियों एवं सीसीएल वृहद परिवार और उससे परोक्ष–अपरोक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामानाएं और बधाई दी । उन्होंने इस अवसर पर सीसीएल को ''जीरो ग्रिवान्स'' कंपनी बनाने की बात कही।

श्री सिंह ने सीसीएल द्वारा सी.एस.आर के अंतर्गत चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाएँ जैसे सी.सी.एल. के लाल, भुरकुंडा में आई.टी.आई., मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर, माईनिंग सरदार प्रशिक्षण, दिव्यांग सेन्टर ढोरी, वाहन चालन प्रशिक्षण, टेलरिंग प्रशिक्षण एवं अन्य प्रशिक्षण पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर श्री सिंह ने सीसीएल द्वारा जल्द ही शुरू की जाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। नवनिर्मित आईआईआईटी, रांची, सीसीएल की लाडली, ओल्ड ऐज होम, सभागार एवं वेलनेस सेंटर, वाटर फिल्टर प्लांट, वन टाईम आवास रिपेंयरिंग जैसी अनेक योजनायें सीसीएल जल्द ही क्रियान्वित करने जा रही है।

श्री सिंह ने कंपनी के कार्य निष्पादन की जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष भी सीसीएल उत्पादकता, प्रेषण एवं उत्पादन के अन्य बिन्दुओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रगति के पथ पर सतत अग्रसर है।

निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र ने मुख्यालय, दरभंगा हाउस तथा गांधीनगर केंद्रीय अस्पताल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित श्रम संघ के नेताओं, गणमान्य व्यक्तियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर .....

राजेन्द्र उद्यान का लोकार्पण करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह, निदेशकगण एवं अन्य

''राजेन्द्र उद्यान'' का लोकार्पण

सी.सी.एल. के राजेन्द्र नगर कॉलोनी में 26 जनवरी को सीमएडी, श्री गोपाल सिंह ने ''राजेन्द्र उद्यान'' का उद्घाटन किया। श्री गोपाल सिंह की परिकल्पना है कि सीसीएल के सभी कार्यालयों एवं कॉलोनी में पुष्प वाटिकाएं हों जहाँ सी.सी.एल. वृहद परिवार के सदस्य शुद्व वायु तथा स्वस्थ्य वातावरण का लाभ उठा सकें।

''भीष्म पितामाह क्लब'' का उद्घाटन

सी.सी.एल. ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए सेवानिवृत अधिकारियो हेतु ''भीष्म पितामाह क्लब'' का निर्माण किया है। उक्त क्लब का उद्घाटन सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस, रांची में सीएमडी श्री गोपाल सिंह द्वारा ''गणतंत्र दिवस'' के अवसर पर किया गया। इस क्लब को सी.सी.एल. द्वारा सेवानिवृत अधिकारियों को समर्पित किया गया।

भीष्म पितामाह क्लब का उद्घाटन करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह साथ में हैं निदेशकगण एवं सेवानिवृत अधिकारीगण

सीईओ कार्यालय का उद्घाटन

26 जनवरी को ही सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने झारखंड सेंट्रल रेलवे (JCRL) सीईओ कार्यालय का उद्घाटन सीसीएल मुख्यालय स्थित दामोदर भवन में किया। JCRL नामक संयुक्त उद्यम में सी.सी.एल. का 64% इक्विटी शेयर है एवं मेसर्स ईरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड और झारखंड सरकार के क्रमशः 26% एवं 10% इक्विटी शेयर है। यह कंपनी झारखंड राज्य के अंतर्गत आने वाले कोलफील्डस क्षेत्रों में कोयला प्रेषण के लिए रेलवे के इन्फ्रास्ट्रक्चर (बुनियादी ढाँचा) के विकास एवं उसे सुचारू रूप से चलाने में कार्यरत रहेगी।

गांधीनगर क्लब में नवनिर्मित परिसर का उद्घाटन

गांधीनगर कॉलोनी स्थित गांधीनगर क्लब काम्पलेक्स में नवनिर्मित परिसर का निर्माण किया गया है। इस क्लब परिसर की कल्पना सीएमडी सीसीएल ने की थी, जिसका विधिवत उद्घाटन उनके द्वारा किया गया। इस परिसर के निर्माण से क्लब सदस्यों को और अधिक सुविधा मिलेगी।

''इन्डक्शन कम ओरियनटेशन'' प्रशिक्षण केंद्र

सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह इंडक्शन–कम–ओरियनटेशन प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन करते हुए

विगत 01 जनवरी, 2016 को सी.सी.एल. के सी.ई.टी.आई., बरकाकाना में सी.एम.डी श्री गोपाल सिंह ने ''इन्डक्शन कम ओरियनटेशन'' प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। इस ''इन्डक्शन कम ओरियनटेशन'' प्रशिक्षण केंद्र का मुख्य उद्देश्य सी.सी.एल. द्वारा विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत सी.सी.एल. में नवनियुक्त कर्मियों का स्किल अपग्रेडेशन करना है। पहले बैच में 45 छात्रों को तीन महीने तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही इस अवसर पर एम.एस.डी.सी. के पहले बैच के बच्चों को उनके प्रशिक्षण की सफल समाप्ति पर ''प्रमाण–पत्र'' सी.सी.एल., सी.एम.डी. की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह, निदेशकगण तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।

रोजगार मेला का आयोजन

ग्रामीण युवाओं के कौशल विकास के लिए सीसीएल के एमएसडीसी, बरकाकाना में पिछले वर्ष से विभिन्न बैचो में युवाओं को इलेक्ट्रीशियन एवं वेल्डर का छः माह का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए सीएमडी, श्री गोपाल सिंह की पहल पर विगत 08 जनवरी को मुख्यालय के ''विचार मंच'' में एमएसडीसी, बरकाकाना में प्रशिक्षण पाए हुए पहले बैच के 44 नवयुवको के लिए ''प्लेसमेंट'' का आयोजन किया गया, जिसमें 24 कंपनियों ने भाग लिया। महाप्रबंधक (उत्खनन) श्री मलय कुमार के मार्ग–निर्देशन में ''रोजगार मेला'' का सफल आयोजन किया गया।

रोजगार मेला में आए प्रशिक्षित युवक एवं अधिकारीगण

संभव की सीमा जानने का केवल
एक ही तरीका है
असंभव से भी आगे निकल जाना

–स्वामी विवेकानन्द

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)